# बारिश ने मचाया कोहराम, नदी-नाले उफान पर, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**मौसम विभाग ने शुक्रवार को की औसतन 4 .4 इंच बारिश दर्ज**

**देरी मार्ग पर धसान नदी का जल स्तर बढ़ने से बह गई पुलिया**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ।**
**मानसून इस वर्ष बारिश के मौसम में जिलेभर में अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। गुरूवार की सुबह से शुरू हुई बारिश शुक्रवार को दिनभर जारी रही। इस बारिश के चलते जिलेभर के नदी नाले उफान पर रहे। शहर से लगे हुए पूनौल नाला के उफान पर होने के कारण झांसी मार्ग कई घंटे बाधित रहा। इसी प्रकार छतरपुर मार्ग पर करमासन ग्राम स्थित धसान नदी का जलस्तर बढ़ने से यह मार्ग दिनभर बंद रहा। पलेरा-देरी रोड पर धसान नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क और पुलिया बह गई, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी टूट गई है। पलेरा के गंज मोहल्ले में कई घरों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शहर की लाइफ लाईन कहे जाने वाले महेन्द्र सागर तालाब तो पिछले सप्ताह हुई बारिश में पूर्ण रूप से भर चुका था।**

बीते 24 घंटे से लगातार झमाझम बारिश जिले भर में हो रही है। शुक्रवार सुबह तक जिले में औसतन 4.4 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है, जिसमें सबसे ज्यादा वर्षा पलेरा तहसील में 9.5 इंच दर्ज हुई। तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर सड़क और पुल भी बह गए हैं। बारिश के कारण टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर जलभराव से यातायात पूरी तरह बंद हो गया है। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पूनौल नाले में उफान आने से सड़क पर करीब 3 फीट ऊपर तक पानी बह रहा है। पलेरा-देरी रोड पर धसान नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क और पुलिया बह गई, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी टूट गई है। पलेरा के गंज मोहल्ले में कई घरों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बान सुजारा बांध के पांच गेट खोल दिए गए हैं और 300 घन मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे धसान नदी



के निचले हिस्से में जलस्तर 9 फ ीट तक बढ़ गया है। हालांकि प्रशासन के मुताबिक फि लहाल खतरे की स्थिति नहीं है,क्योंकि पहले भी नदी में 12 फीट तक पानी बढ़ चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पलेरा का निरीक्षण किया और जिले के सभी स्कूलों में स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष अभी तक पलेरा 9.5 इंच ,जतारा 5 इंच,मोहनगढ़ 5 इंच,खरगापुर 4.5 इंच,टीकमगढ़ 3.5 इंच,बड़ागांव धसान 3 इंच,बल्देवगढ़ 3 इंच,लिधौरा 2 इंच,तहसीलवार अब तक की वर्षा दर्ज की गई है। अब तक जिले में कुल औसत बारिश 37.5 इंच हो चुकी है, जो वार्षिक औसत 40 इंच का 87 है। खास बात यह है कि पिछले साल इसी दिन तक केवल 11 इंच बारिश हुई थी। यानी इस बार अब तक 26.5 इंच ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।



**नवभारत न्यूज, पलेरा।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में अत्यधिक बारिश होने पर नगर परिषद पलेरा में पठेश्वरी तालाब व बड़ी माता मंदिर तालाब का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी के लिए किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ पलेरा सुश्री शिवि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।**

मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष सबसे ज्यादा बारिश जिले के पलेरा तहसील में 9.5 इंच दर्ज हुई। तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर सड़क और पुल भी बह गए हैं। पलेरा- देरी रोड पर धसान नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क और पुलिया बह गई, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी टूट गई है। पलेरा के गंज मोहल्ले में कई घरों में पानी भर गया है।बान सुजारा बांध के पांच गेट खोल दिए गए हैं और 300 घन मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से पानी छोड़ा जा रहा है। कलेक्टर ने पुरेनिया तहसील पलेरा में जल भराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया।



**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**जिले में अत्याधिक बारिश होने के कारण बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है, जिसके कारण कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को जिले की सभी संस्थाओं में छात्र-छात्राओं का अवकाश घोषित किया गया है। उन्होनें शिक्षकों से अपनी-अपनी संस्थाओं में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।**

गुरूवार से हो रही बारिश का दौर शुक्रवार को दिनभर जारी रहा ।बारिश के कारण झांसी, छतरपुर के अलावा मोहनगढ़ मार्ग बंद रहा उक्त तीनों स्थानों पर स्थित नदी-नालों के उफान पर होने के कारण उनका पानी सड़कों पर जमा हो चुका है जिसके चलते यह सभी मार्ग शुक्रवार को दिनभर बंद रहे। मार्गों के बंद होने से जहां यातायात प्रभावित रहा बही लोगों को उक्त क्षेत्रों से जिला मुख्यालय से संपर्क टूटने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ा । अत्याधिक बारिश होने के कारण जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सक्रिय भूमिका में नजर आए। कलेक्टर ने अपने प्रशासनिक अमले के साथ पलेरा, पुरैनिया, धसान नदी सहित जिले भर के क्षेत्रों का दौरा कर जलभराव बाले क्षेत्रों का जायजा लिया।

## मारपीट के विरोध में टैक्सी चालकों ने की हड़ताल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शहर में शुक्रवार को टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल कर दी है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा। ड्राइवरों का आरोप है कि बस स्टैंड के पास कुछ कुचबंदिया समाज के लोगों ने टैक्सियों के शीशे तोड़े और उनके साथ मारपीट की, इस बजह से टैक्सी चालकों को यह कदम उठाना पड़ा।**

हड़ताल की वजह से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से यात्रियों को पैदल जाना पड़ रहा है। सुबह लगभग 11 बजे भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस से उतरे यात्रियों को भी शहर तक जाने के लिए पैदल चलना पड़ा। टैक्सी चालकों ने बताया कि शुक्रवार सुबह दो



कुचबंदिया समाज के लोगों ने दो टैक्सियों के शीशे तोड़े और ड्राइवरों से मारपीट की। इस घटना के विरोध में सभी टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस रेलवे स्टेशन पहुंची और ड्राइवरों से बातचीत की। पुलिस चालकों को समझा रही है। टैक्सी चालक एकजुट होकर एसपी कार्यालय पहुंचे हैं और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

## जलाशयों को पट्टे पर देने मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार म.प्र. शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग अधिकारी कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ मप्र के अधिकार क्षेत्र सिंचाई तालाबों, जलाशयों को मछली पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।**

तदनुसार ग्राम बड़माडई रिगौरा स्थित रिगौरा सिंचाई जलाशय तथा ग्राम डूडा में डूडा कवराटा सिंचाई जलाशय मछली पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है। इच्छुक पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों, स्व. सहायता सूमहों, मछुआ समूह 22 जुलाई तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र पूर्ण भर कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ में जमा कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों का मध्य प्रदेष शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधान अनुसार प्राथमिकताक्रम के निर्धारित अनुसार चयन किया जायेगा। मध्यप्रदेश शासन मछली पालन आदेशानुसार शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग अधिकारी कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत अधिकार क्षेत्र सिंचाई तालाबों, जलाशयों को मछली पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।

## भिक्षा नहीं शिक्षा अभियान में शिक्षकों ने लिया भाग

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऊदल सिंह के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से समाप्त किए जाने हेतु भिक्षा नहीं शिक्षा जैसा अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इसीक्रम में चाइल्डलाइन टीकमगढ़ 1098 ने माध्यमिक शाला चकरा टीकमगढ़ में बच्चों एवं उपस्थित शिक्षकों के समक्ष कार्यक्रम भिक्षा नहीं शिक्षा का आयोजन किया।**

कार्यक्रम में चाइल्डलाइन प्रभारी सत्यम अर्जरिया एवं शिशु गृह प्रबंधक सुबोध श्रीवास्तव ने बच्चों के जीवन में शिक्षा के महत्व को बताया और भिक्षा एक सामाजिक अभिशाप




है के विषय पर बताया एवं बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 बच्चों की नोटबुक में लिखवाया और इस हेल्पलाइन नंबर के महत्व को बताया यह नंबर बच्चों की समस्याओं का समाधान है। यदि कोई बच्चा किसी प्रकार की सामाजिक समस्या या व्यक्तिगत समस्या से ग्रसित है तो इस नंबर को डायल कर सकता है। चाइल्ड लाइन 1098 बच्चों की सहायता के लिए 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध है।

## शासकीय पॉलीटेक्निक के लिए 14 तक आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।**

संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में ईब्डल्यूएस कोटा को छोड़कर सभी सीट्स भर चुकी है एवं कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी सीमित सीट्स बची हैं। प्रवेश प्रक्रिया 2 जुलाई से 14 अगस्त तक जारी है। प्राचार्य डॉ आरपी शांडिल्य ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथियों में पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें। संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।

## पालतू जानवरों के शव मिलने से मचा हड़कंप

**नवभारत न्यूज, खरगापुर।**
**बल्देवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इमलाना के पुराने शासकीय स्कूल के कमरे में सात नग जानवरों के मृत अवस्था में शव मिलने से समूचे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। इस घटनाक्रम की खबर लगते ही बजरंगदल के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और उन्होनें बल्देवगढ़ थाना पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत बजरंगदल के कार्यकर्ता एवं खरगापुर के पाषर्द बाली रैकवार ने की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।**

शिकायती आवेदन में बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तीन नग गाय, चार नग बेल को ग्राम पंचायत इमलाना के पुराने सरकारी स्कूल के कमरे के अंदर जान से खत्म करने के इरादे से बंद कर गेट लगा दिया गया था। जिससे तीन नग गाय, चार नग बेल



कुल सात नग की चारा पानी न मिलने व दम घुटने से मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बल्देवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इमलाना के पुराने शासकीय स्कूल के कमरे में सात नग जानवरों के मृत अवस्था में शव मिलने से समूचे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। इस घटनाक्रम की खबर लगते ही बजरंगदल के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और उन्होनें बल्देवगढ़ थाना पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत बजरंगदल के कार्यकर्ता एवं खरगापुर के पाषर्द बाली रैकवार ने की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पुलिस कप्तान ने विभाग के लोगों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

**आने वाले दिनों में संभावित बारिश को देखते लिया निर्णय**

**पुलिस को सूचना देने लोगों से की गई अपील**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**लगातार हो रही जिले में बारिश और आने वाले दिनों में संभावित भारी वर्षा के खतरे को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेभर की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।**

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया है कि वह नदी किनारों, पुलों और जलभराव वाले इलाकों की लगातार निगरानी करें। लोगों को सुरक्षित रास्तों की जानकारी देकर आवश्यक मार्ग डायवर्जन लागू करें। आमजन को बाढ़ या आपदा के हालात से निपटने की जानकारी और



सहायता समय पर उपलब्ध कराएं। लोगों की जान और सुरक्षा सबसे ज़रूरी है। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस बल को हर परिस्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इस सतर्कता अभियान को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी टीकमगढ़ व जतारा के मार्गदर्शन में ज़मीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। जिसमें नदी और नालों के किनारे स्थित इलाकों की नियमित जांच, पुलों पर जल का तेज बहाव होने की स्थिति में यातायात रोकना और वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी पुलिस को सौपी गई है। इसके अलावा पुलिस को गांवों और बस्तियों में लोगों को बाढ़ से पहले की सावधानियां और प्राथमिक उपाय बताने का दायित्व सौप गया है। रेस्क्यू टीमों की तैनाती और राहत के लिए जरूरी संसाधनों को तैयार रखना के निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन मानस से अपील की है कि प्रशासन की हिदायतों का पालन करें,बिना ज़रूरत नदी नालों या जलभराव वाली जगहों पर न जाएं एवं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करें। बारिश और आने वाले दिनों में संभावित भारी वर्षा के खतरे को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेभर की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

**जागरुकता** | **महिलाओं के यौन शोषण विषय पर दी विस्तृत जानकारी**

## अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में श्रीमती प्रवीणा व्यास प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने संबोधन में कहा कि अंतराष्ट्रीय न्याय दिवस लोगों को न्याय के समर्थन के लिए जागरूक और एक जुट करने के लिए मनाया जाता है, इसका मुख्य उददेश्य पीड़ितों को उनके अधिकारों के लिए बढ़ावा देना है,




साथ ही गंभीर मुददों पर ध्यान देने के लिए दुनिया भर के लोगों का एकजुट करने और आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक महिला कर्मचारी का यह अधिकार है कि कार्य स्थल पर गरिमा एवं सम्मान से उसके साथ व्यवहार किया जाये। जिला न्यायाधीश राजकुमार गुप्ता ने उपस्थित सामान्यजन को मानव तस्करी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह व्यक्तियों को बल, धोखाधड़ी अथवा जबरदस्ती से स्थानांतरित करना, आश्रय देना, अथवा प्राप्त करना है। जिसका उददेश्य व्यवसायिक यौन शोषण अथवा दासता के लिए किया जाता है, जो कि मानव अधिकार के प्रति गंभीर अपराध है। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, जिला न्यायाधीश वरूण पुनासे, कमलेश भरकुंदिया, सहित अन्य न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ अनिल त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुनीता गोयल, सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक सौरभ तिवारी, एलएडीसीएस के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण, ग्रामीण स्वावलंबन समिति के कार्यकर्तागण एवं अधिवक्तागणों ने अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, जिला न्यायाधीश वरुण पुनासे, कमलेश भरकुंदिया, सहित अन्य न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ अनिल त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुनीता गोयल, सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक सौरभ तिवारी उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर टीकमगढ़ द्वारा वर्तमान में किसी विद्यालय में कक्षा-5 में अध्यनरत् विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा-6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है।**

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी दिशा-निर्देश एवं पात्रता बेवसाइट पर देखकर अन्तिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन फार्म नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट अथवा लिंक पर उपलब्ध है। चयन हेतु लिखित परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर द्वारा वर्तमान में किसी विद्यालय में कक्षा-5 में अध्यनरत् विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र में कक्षा-6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु आमंत्रित किये गए है।

## तहसीलदार ने कराई बंधान की मरम्मत



**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**तहसीलदार दिगौड़ा ने तत्परता से अत्याधिक बारिश के कारण चतुरकारी तालाब की क्षतिग्रस्त बंधान की मरम्मत कराई है।**

तहसीलदार दिगौड़ा एवं राजस्व अमले ने तत्परता दिखाते हुए भारी बारिश के चलते दिगौड़ा तहसील के चतुरकारी तालाब पहुंचकर जल निकासी हेतु तालाब का स्लूज खुलवाया। जेसीबी की सहायता से वेस्टवेयर की सफ़ाई करा कर क्षतिग्रस्त बंधान पर मिट्टी डलवाई गई। चतुरकारी ग्राम को तालाब के डूब में आने से बचाया जा सके।

ज्ञातव्य है कि अत्याधिक बारिश के चलते दिगौड़ा तहसील के चतुरकारी तालाब की बंधान के क्षतिग्रस्त होने की सूचना कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त हुई। जिस पर कलेक्टर श्री श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तहसीलदार दिगौड़ा एवं राजस्व अमले ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर जल निकासी हेतु तालाब का स्लूज खुलवाया।